

भालू जिज्ञासु होते हैं

जॉयस मिल्टन

चित्र: क्रिस्टोफर सैंटोरो



भालू जिज्ञासु होते हैं



जॉयस मिल्टन

चित्र: क्रिस्टोफर सैंटोरो

भालू जिज्ञासु होते हैं.

वे लगभग हमेशा भूखे रहते हैं.




यह माँ भालू

और उसके बच्चे

कुछ अच्छा खाने की

तलाश में हैं.



माँ भालू

हवा को सूँघती है.

उसकी नाक उसे बताती है

कि मधुमक्खियों का एक छत्ता

पेड़ के खोखले के अंदर है.





वह अपना पंजा

खोखले के अंदर डालती है

और कुछ मीठा जंगली शहद

निकालती है.

कुछ मधुमक्खियाँ

शहद में फंसी हुई हैं.

माँ भालू उन्हें भी

खा जाती है!



बच्चे अपनी माँ के पंजे से

शहद चाटते हैं.

गुस्से में मधुमक्खियाँ

इधर-उधर भिनभिनाती हैं.


लेकिन भालुओं का मोटा फर

उन्हें सुरक्षित रखता है.



भालू इतने भूखे क्यों होते हैं?





पूरी सर्दी,

माँ भालू

एक छोटी सी गुफा में रही.

वो कुछ भी नहीं खाती है.

एक सर्दी के दिन,

उसके शावक पैदा हुए.

शावकों ने अपनी माँ का दूध पिया.

माँ और शावक


गर्म रहने के लिए

एक साथ लिपटे रहे.

अधिकांश समय,

वे सोते रहे.





फिर वसंत आया.

माँ भालू

एकदम दुबली

और भूखी हो गई थी.

उसे अपने और

अपने शावकों के लिए

खाना ढूँढना था.



एक भूखा भालू लगभग
कुछ भी खा सकता है.



वसंत के फूल.



चींटियाँ.



मोटे, रसीले कीड़े.



एकोर्न.

बेर और जामुन.



कभी-कभी वे चूहे
भी पकड़ लेते हैं.





पूरी गर्मियों भर,

शावक अपनी माँ के

पीछे-पीछे चलते हैं.


माँ उन्हें ख़तरे से बचाती है.

एक दिन, एक चील ने

शावक पर झपट्टा मारा.

तुरंत माँ भालू

दौड़ती हुई आई.



वह ठीक समय पर पहुँची!

शरद ऋतु तक,

माँ भालू

फिर से मोटी हो जाती है.

शावक भी मोटे हो जाते हैं.

शावक एक और सर्दी

माँ के साथ बिताएँगे.





भालू कई प्रकार के होते हैं.

माँ और उसके शावक

काले भालू हैं.

काले भालू पेड़ों पर

चढ़ने में अच्छे होते हैं.



भूरे भालू, काले भालू
से बड़े होते हैं.
उनके पंजे भी लंबे होते हैं.



उन्हें कभी-कभी
ग्रिज़ली भालू भी कहा जाता है.

कुछ भालू मछली भी पकड़ते हैं.


यह शावक अभी भी सीख रहा है.



वह एक मछली के ठीक ऊपर

पेट के बल कूदा.





उफ़!

मछली भाग गई.

ध्रुवीय भालू

आर्कटिक में रहते हैं,

जो बर्फ और हिम से भरा है.

उनका घना फर

उन्हें गर्म रखता है.




ध्रुवीय भालू

बहुत अच्छे तैराक होते हैं.

वे सील और वालरस

का शिकार करते हैं.







युवा भालुओं को घूमना

पसंद होता है.

कभी-कभी वे

शहरों में भटक कर चले जाते हैं.

वहां उनकी जिज्ञासा उन्हें

मुसीबत में डाल सकती है.

एक भालू पिछवाड़े में

एक जन्मदिन की पार्टी

में दिखाई दिया.

केक बहुत स्वादिष्ट था!

लेकिन मेहमान कहाँ थे?

वे सब भाग गए थे!

लेकिन भालू जंगली जीव होते हैं.


जब वे लोगों के साथ घुलमिलते हैं,

तो वे खतरनाक हो सकते हैं.

यह भालू भाग्यशाली था.

एक रेंजर ने उसे

एक खास डार्ट मारा.




उससे भालू को कोई

चोट नहीं आई.

वह बस सो गया.

रेंजर ने उसे


एक ट्रक में लादा.



जब भालू उठा,

तो वह वापस जंगल में था.

ठीक वहां जहाँ उसे होना चाहिए था.



भालू जिज्ञासु होते हैं

भालुओं की नाक बहुत तेज़ होती है.

उनकी नाक उन्हें भोजन सूंघने में मदद करती है.

भालू लगभग हमेशा भूखे रहते हैं!

एक माँ भालू और उसके दो शावकों के बारे में पढ़ें.

जानें कि भालू क्या खाना

पसंद करते हैं...

साथ में और बहुत कुछ!